स्वामी विवेकानंद ने युवाओं में ऊर्जा का किया संचार : डॉ. यादव

राष्ट्रीय युवा दिवस... सुभाष स्कूल में हुआ राज्य स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार, प्राणायाम

भोपाल, 12 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने अपने विचारों से राष्ट्र के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया. वे एक महान चिंतक थे और केवल शरीर से बल्कि कर्म से भी युवा थे. उन्होंने कहा कि योग हमारी भारतीय परंपरा का हिस्सा है.

सूर्य नमस्कार की यौगिक क्रियाएं हमारे संपूर्ण जीवन का निचोड़ है. यह केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि हमारे जीवन को सामान्यता से उत्कृष्टता की ओर लेकर जाने का बड़ा माध्यम है. हम रोजाना सूर्य नमस्कार में समाहित 12 योग क्रियाओं के जरिए ही अपने शरीर को निरोगी बनाकर सुखी रह सकते हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योगाचार्यों के मार्गदर्शन में सुभाष स्कूल के सभी बच्चों के साथ सूर्य नमस्कार के 12-12 क्रियाओं के तीन चक्र और प्राणायाम भी किया. उन्होंने कहा कि योग सदियों से हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है. इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए स्वयं को तैयार करें. प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए नवाचार और नवनिर्माण करें. प्राचीन समृद्ध संस्कृति और विरासत का संरक्षण करें. स्वदेशी को प्रोत्साहित करें. अपने बच्चों को किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें. मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि वे सिर्फ अपने पाठ्यक्रम के अध्ययन तक ही सीमित न रहें, बल्कि जीवन की व्यवहारिकता से भी परिचित हों.

नशे की लत और जंक फूड से बनाएं दूरी: मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नशे की लत और जंक फूड से हमेशा के लिए दूरी बनाएं. जंक फूड शरीर को विकृति की ओर ले जाते हैं. इन्हें कम से कम खाएं. पेड़ लगाएं. प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा शारीरिक व्यायाम के लिए अवश्य निकालें. अपना कोई एक पसंदीदा खेल जरूर खेलें. महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील रहें. अपने व्यक्तित्व के साथ चरित्र का भी निर्माण करें.

सीएम ने विवेकानंद के चित्र पर किया माल्यार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती पर पालिटेक्निक चौराहे पर आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी. वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि हम सब स्वामी जी के बताए मार्गों और आदर्शों पर चलें, इसी में सबका कल्याण निहित है. इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी हितानंद शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे.

हिंदी विवि में किया सूर्य नमस्कार, योगाभ्यास

भोपाल, 12 जनवरी. अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र-निर्माण में उनकी भूमिका से परिचित कराना तथा उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना रहा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. देव आनंद हिण्डोलिया रहे. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव शैलेन्द्र कुमार जैन, प्रो. एल, पी. झरिया, डॉ. चित्रलेखा कडेल (सोनी), प्रभारी वनस्पति विज्ञान विभाग सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार (योगाभ्यास) से हुई. योगाभ्यास का संचालन डॉ. नीलम सिंह, प्रभारी योग विभाग द्वारा किया गया.

भोज विवि में नए विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम

भोपाल, 12 जनवरी. मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्विद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जी के 163वें जन्म दिवस के अवसर पर नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 'रन फॉर स्वदेशी' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति एवं विद्यार्थी सहायता विभाग के निदेशक डॉ. रतन सूर्यवंशी ने की. कुलसचिव एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुशील मंडेरिया, मुद्रण वितरण विभाग की निदेशक डॉ. विभा मिश्रा, भोपाल क्षेत्रीय केंद्र निदेशक डॉ. हर्षवर्धन तोमर उपस्थित रहे. कुलसचिव डॉ. मंडेरिया ने कहा कि, स्वामी विवेकानंद सदैव से ही स्वदेशी प्रेमी रहे हैं. हमें स्वदेशी पहनावे के साथ स्वदेशी विचारों को भी अपनाना होगा. इस अवसर पर कुलपति, कुलसचिव, नव प्रवेशित विद्यार्थियों सहित सभी ने 'रन फॉर स्वदेशी' के तहत विश्वविद्यालय परिसर आयोजित पैदल रैली में हिस्सा लिया.

एक नजर में

सेवा सदन की डॉ. कविता गुप्ता ने जीता रजत पदक

भोपाल, 12 जनवरी. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में सेवारत वरिष्ठ बाल नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. कविता गुप्ता ने हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय बेंच प्रेस चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता है. डॉ. कविता के कोच देवेन्द्र नाहर ने उन्हें प्रेक्टिस करवाई थी. डॉ. कविता ने जिम में प्रशिक्षण प्राप्त किया था. ज्ञातव्य है कि डॉ. कविता ने दो वर्ष पहले भी मुम्बई में आयोजित नेचुरल नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान अर्जित कर स्वर्ण पदक जीता था. पेशे से नेत्र रोग विशेषज्ञ होने के बावजूद खेलकूद में उनकी गहरी रुचि है. डॉ. कविता के पति डॉ. दीपेश गुप्ता और उनके बच्चों और सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय प्रबंधन का भी उनकी सफलता में बड़ा योगदान रहा है. डॉ. दीपेश हमीदिया अस्पताल में निश्चेतना विशेषज्ञ हैं.

जिला स्तरीय डायरेक्ट वॉलीबॉल स्पर्धा का समापन

भोपाल, 12 जनवरी. पुलिस रेडियो ग्राउंड पर आयोजित एम.एम. खान साहब जिला स्तरीय डायरेक्ट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ. इस प्रतियोगिता में भोपाल जिले की कुल 10 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया. फाइनल मुकाबले में महाराणा प्रताप क्लब ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, नगर निगम भोपाल की टीम ने द्वितीय तथा पुलिस रेडियो क्लब की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए नगर निगम भोपाल की टीम के कप्तान रोहित सिंह को हीरो ऑफ द टूर्नामेंट, विजेता टीम के मोहसिन लाला को प्लेयर ऑफ द इयर के खिताब से सम्मानित किया गया. समापन अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी, पंथी समाज के जिला अध्यक्ष सुरेश पंथी, तथा मध्य प्रदेश डायरेक्ट वॉलीबॉल के चेयरमैन राधेश्याम भार्गव उपस्थित रहे.

विद्यार्थियों व बंदियों को बताए नशे से होने वाले नुकसान

भोपाल, 12 जनवरी. राष्ट्रीय युवा दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार को केन्द्रीय जेल भोपाल एवं टेक्नोक्रेट इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ भोपाल में किया गया. केन्द्रीय जेल में बंदियो एवं महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले नुकसान व विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई. विधिक जागरूकता शिविरों में न्यायाधीश सुनीत अग्रवाल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल द्वारा समाज में फैल रही नशे की बुरी लत के दुष्प्रभाव एवं उनके बचने के उपयों एवं नि:शुल्क विधिक सहायता के साथ-साथ अन्य विधिक जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की गई. जेल के शिविर में बंदियों की समस्याओं का निराकरण किया एवं महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिये.

नेशनल कराते स्पर्धा में एमपी ऑल ओवर चैम्पियन

रेलवे इंस्टीट्यूट के बैडमिंटन हॉल में हुई 22 वीं प्रतियोगिता

भोपाल, 12 जनवरी. युवा कल्याण एवं खेल विभाग तथा रेलवे इंस्टीट्यूट के सहयोग से संस्था यूथ स्पोर्ट्स कराते डो एसोसिएशन एम.पी. द्वारा 22 वीं नेशनल कराते प्रतियोगिता का आयोजन 10-11 जनवरी को रेलवे इंस्टीट्यूट के बैडमिंटन हॉल में किया गया.

जिसमें म.प्र., महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना, केरला, झारखण्ड, बिहार, गुजरात सहित अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें मध्यप्रदेश 49 मेडल के साथ प्रथम स्थान पर, 27 मेडल के साथ महाराष्ट्र द्वितीय एवं 17 मेडल के साथ राजस्थान तृतीय स्थान पर रहा.

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि दीपक मालवीय सचिव, कोषाध्यक्ष पश्चिम मध्य रेल संस्थान भोपाल, विशेष अतिथि जमशेद दाद, जयचन्द्र कनौजिया, साजन खान, इकबाल अहमद, सलीम खान, आयाज अंसारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे. उक्त प्रतियोगिता से नेपाल इंटरनेशनल कराते प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया.

एलबीटी में नाटक 'सब चुप हैं' का मंचन आज

भोपाल, 12 जनवरी. हम थियेटर ग्रुप मंगलवार 13 जनवरी को लिटिल बैलेट ट्रूप (एलबीटी) में शाम 7 बजे नई नाट्य प्रस्तुति 'सब चुप हैं' करने जा रहा है. यह नाटक प्रसिद्ध कहानीकार संजय जैन की पांच कहानियों का कोलाज है, जिसमें उनकी खुली दराज़ और बिखरी खुशबुएं, ग्रीनबेल्ट, अपराध, एकांत में उजाड़ और सब चुप हैं कहानियों को शामिल किया गया है. इसमें प्रेम की अनुभूति, मौकापरस्ती, पत्रकारिता, सोशल मीडिया का असर, बाजारवाद और भ्रष्टाचार को उजागर किया गया है. इन सभी कहानियों का नाट्य रूपांतरण और निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी बालेंद्र सिंह ने किया है. प्रवेश निशुल्क रहेगा.

आज मुख्यमंत्री करेंगे खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ

मंत्री सारंग ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

भोपाल, 12 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 जनवरी मंगलवार को शाम 6 बजे खेलो एमपी यूथ गेम्स का शुभारंभ करेंगे. वाटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब बड़ा तालाब भोपाल पर वाटर प्रोजक्शन, लेजर शो, आतिशबाजी, शेफाली अल्वारेस एवं दिव्या कुमार की प्रस्तुति के साथ खेलो एमपी यूथ गेम्स की शुरुआत होगी.

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को व्यवस्थाओं का जायजा लिया. उन्होंने पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. मंत्री सारंग ने बताया खेलो एमपी यूथ गेम्स देश में पहली बार खेल विभाग एवं सभी मान्यता प्राप्त खेल संघों के संयुक्त समन्वय से आयोजित हो रहे हैं. प्रतियोगिता 31 जनवरी तक होगी. प्रतियोगिता चार चरणों में विकासखण्ड, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जायेगा, जिसमें लगभग 1.50 लाख खिलाड़ी प्रतिभागिता करेंगे. यूथ गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे राज्य टीम चयन में प्राथमिकता दी जाएगी.

मंत्री सारंग ने बताया कि राज्य स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को लगभग 4 करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी.

प्रदेश के 313 विकासखंडों की होगी सहभागिता

मंत्री सारंग ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रीवा, शिवपुरी, ग्वालियर, सागर एवं नर्मदापुरम में प्रस्तावित है. ब्लॉक स्तर से चयन प्रक्रिया के अंतर्गत जिला स्तर पर प्रदेश के 313 विकासखंडों की सहभागिता होगी. राज्य स्तर पर प्रदेश के 10 संभाग- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर, रीवा, चंबल, नर्मदापुरम एवं शहडोल की टीमें भाग लेंगी.

छात्राओं को दिया व्यावसायिक क्षमताओं पर मार्गदर्शन

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती पर हुआ कार्यक्रम

भोपाल, 12 जनवरी. संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल ने अपने ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के माध्यम से रिज्यूमे वेटिंग और कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया, जो स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के साथ आयोजित किया गया.

अंजली ठाकुर यूनिगोल की सॉफ्ट स्किल ट्रेनर ने छात्राओं को कौशल विकास और व्यावसायिक क्षमताओं पर मार्गदर्शन दिया और यूनिगोल की शैक्षणिक एवं करियर उन्मुख पहलों का परिचय कराया. आर्ची बैंगार्ड प्रोफाइल बिल्डिंग विशेषज्ञ ने व्यक्तिगत और प्रोफेशनल प्रोफाइल को विकसित करने के लिए लाइव, हैंड्स-ऑन सेशन आयोजित किया. यूनिगोल की टीम में निकिता, एस.एस.एम. - कॉलेज बज़ सपोर्ट, और आकाश रेश्मी, एडमिन एंड एच.आर. हेड भी शामिल थे. राष्ट्रीय युवा दिवस पर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रेरणादायक भाषण, और जुम्बा और एरोबिक्स जैसी गतिविधियों का आयोजन किया, जो स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को प्रदर्शित करती हैं और युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को उजागर करती हैं. इस अवसर संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी, उपस्थित थीं.

हिंदू सम्मेलन में बच्चों ने बनाए अमर शहीदों के चित्र

भोपाल 12 जन. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सकल हिंदू समाज द्वारा लखेरापुरा एवं लोहा बाजार बस्ती में मोतीलाल मन्नूलाल धर्मशाला में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया.

समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में मीनाक्षी जैन ने मार्गदर्शन प्रदान किया. सेवा भारती की बेलदारपुरा बस्ती की भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई. भगवान दास ढालिया ने बताया कि सम्मेलन में रंगोली, रंग भरो, ड्राइंग एवं थाली सजाओ प्रतियोगिताएं हुईं. साथ ही बच्चों ने स्वामी विवेकानंद व अमर शहीदों के चित्र बनाए. इस अवसर पर 120 से अधिक महिलाओं एवं बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए. कार्यक्रम का संचालन मनोज सोनी ने किया. इस अवसर पर पंडित ललित कांत शर्मा (मुखिया जी), विनीता विकास सोनी, हेमराज सेन, सुमित अग्रवाल अलर्क, विकास सोनी, मनोज सोनी, प्रभात जैन बचपन, हरी गुप्ता रेडियो, अरविंद मित्तल, रोहित अग्रवाल, प्रकाश सोनी, आशुतोष अग्रवाल आदि उपस्थित थे.

हिंदू सम्मेलन | कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने हिंदू समाज से एकजुट होने का किया आह्वान

समय रहते नहीं जागे तो हो सकता है मुगलों जैसा आक्रमण

भोपाल, 12 जनवरी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राजधानी भोपाल के मां हेमाम्बरा देवी माता मंदिर खेल मैदान ई-2 अरेरा कॉलोनी समिधा बस्ती में सोमवार को सकल हिंदू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया. इसमें सीहोर के कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने हिंदू समाज से एकजुट होने का आह्वान किया कि अगर समय रहते नहीं जागे तो इतिहास खुद को दोहरा सकता है. जागरूक नहीं हुए तो मुगलों जैसे आक्रमणों का दौर लौट सकता है.

उन्होंने कहा कि आज लोग जागरूक नहीं है, फिर पहले जैसी स्थिति बन रही है. लोग अपने घरों में बैठकर मोबाइल में डूबे हुए हैं. उन्हें न समाज की चिंता है, न राष्ट्र की. पं. मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आज लोगों को जगाने के लिए निकला है, लेकिन जो जगाता है, वह अक्सर बुरा लगता है. मां बच्चे को जगाती है तो बुरी लगती है, पिता समझाए तो उन्हें पुराने ख्याल का कहा जाता है, पत्नी समझाए तो पति को नागवार गुजरता है. लेकिन सच यही है कि जो जगाता है, वही बचाता है. सम्मेलन की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई.

हिंदू समाज को जगाने के ये चार महीने

पंडित मिश्रा ने कहा कि सनातन परंपरा में चार महीने भगवान विश्राम के लिए जाते हैं और अपना कार्य शिव को सौंप देते हैं. सावन, भादो, कुंवार और कार्तिक—ये चार महीने हिंदू समाज को जगाने के महीने हैं. इन महीनों में मंदिरों में भीड़ बढ़ती है, गणेश उत्सव और माता रानी के पर्व आते हैं. लोग इसे पर्व मानते हैं, लेकिन असल में यह हिंदुओं को एकजुट और जागरूक करने की प्रक्रिया है. उन्होंने कहा कि अगर इन चार महीनों में समाज जाग गया और एकजुट हो गया, तो आने वाला समय उसका होगा. कथावाचक पं. मिश्रा ने कहा कि आज जिनके पास पद, कुर्सी और सत्ता है, वे इसे स्थायी मानकर चल रहे हैं. जबकि यह सब अस्थायी है. एक दिन ऐसा भी आता है जब न कुर्सी रहती है, न पद और न ही सम्मान. ऐसे में समाज और परिवार ही सहारा बनते हैं.